गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 22.01.2012

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के क्रीड़ांगन में चल रही अखिल भारतीय अन्तर–विश्वविद्यालयीन नेटबॉल (महिला) स्पर्धा के तीसरे दिन दिनांक 22.01.2012 को चार क्वार्टर मैच खेले गये–

पहला क्वार्टर फाइनल मैच एमडीयू रोहतक एवं जीएनडी विश्वविद्यालय, अमृतसर के बीच खेला गया जिसमें जीएनडी विश्वविद्यालय, अमृतसर ने 20/19 अंक से विजयश्री प्राप्त की।

दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं बंगलौर विश्वविद्यालय के बीच खेला गया गया जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने 27/23 अंक से विजयी रही।

तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर 36/26 अंको से विजयी रही।

चौथा क्वार्टर फाइनल मैच पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने 24/21 से जीत दर्ज की।

क्वार्टर फाइनल के परिणाम स्वरुप चार टीमों का लीग मैच के आधार पर विजेता का चयन किया जाएगा।

प्रथम लीग मैच जी.एन.डी.यू. अमृतसर एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 21/13 से विजयी रही।

दूसरा लीग मैच गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय 26/25 अंक से विजयी रही।

मीडिया प्रभारी

प्रति, सम्पादक,

————————बिलासपुर (छ.ग.)